Title: Need to announce the support price of sugarcane in Uttar Pradesh.

श्री सईदुज्जमा (मुज़फ्फ़रनगर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। अभी किसानों के सिलसिले में जो हमारे साथी बोल रहे थे, मैं उसी में कुछ और बात बढ़ाना चाहता हूं। आज खास तौर से उत्तर प्रदेश का किसान बहुत ही कठिनाईयों से, दुश्वारियों से गुजर रहा है।

मूल्य भी अभी तक निर्धारित नहीं किया है। इस वजह से वे ईख भी नहीं काट पा रहे हैं जिससे किसानों को जबरदस्त तकलीफ हो रही है तथा भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है। मेरा सरकार से निवेदन है कि वह गन्ने की कीमत तय करे। दूसरे राज्यों में ११० रुपए प्रति क्विंटल कीमत तय हो चुकी है। मेरा निवेदन है कि उत्तर प्रदेश में भी ११० रुपए तय की जाए, ताकि किसानों को दुश्वारी से बचाया जा सके, जिस दुश्वारी से वे गुजर रहे हैं।